Dr. B.R. Ambedkar University of Social Sciences
(State University, Government of M.P.)
Dr. Ambedkar Nagar (Mhow) – 453441, Indore (M.P.), India
Phone : (07324) 274377, Fax : (07324) 272350
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय
(राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश शासन)

क्रमांक : ब्राउस/स्था/2021/908 दिनांक : 27/08/2021

# विज्ञापन

विश्वविद्यालय में स्थापित बाबू जगजीवन राम पीठ (बाबू जगजीवन राम राष्ट्रीय फाउण्डेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) के अन्तर्गत आचार्य (प्राध्यापक) एक पद हेतु प्रतिनियुक्ति/संविदा पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22.09.2021 सायं 5.30 बजे तक रजिस्टर्ड डॉक द्वारा "कुलसचिव, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू), जिला–इन्दौर, म.प्र., पिन– 453441" को भेजे जा सकते है। बाबू जगजीवन राम पीठ में अस्थायी नियुक्ति की अवधि मात्र एक वर्ष के लिए रहेगी। पद से संबंधित अधिक जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.brauss.in पर देखें।

Registrar
Dr.B.R. Ambedkar University of Social Sciences,
Dr. Ambedkar Nagar (Mhow) Dist. Indore (M.P.)

# आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देश

1. यह पद प्रतिनियुक्ति/संविदा से भरे जायेगें।
2. आवेदन "कुलसचिव, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू), जिला–इन्दौर, म.प्र., पिन– 453441 के नाम से प्रेषित करें।
3. आवेदन के साथ समस्त संलग्नक दस्तावेजों पर स्वयं सत्यापित करें ताकि आवश्यकतानुसार ए.पी.आई. स्कोर की गणना हो सकें।
4. अपने कार्यरत संस्था से अनापत्ति प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें। अनापत्ति प्रमाण–पत्र के अभाव में आवेदन अमान्य किया जावेगा।
5. साक्षात्कार (इन्टरव्यू) में उपस्थित होने क लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
6. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी किन्तु पूर्णकालीन (Full time basis) रहेगी एवं संबंधित संस्था से अनुदान प्राप्त होने की दशा पर वेतन एवं अन्य भत्ते दिये जा सकेंगे।

Registrar
Dr.B.R. Ambedkar University of Social Sciences,
Dr. Ambedkar Nagar (Mhow) Dist-Indore (M.P.)

# बाबू जगजीवन राम पीठ

बाबू जगजीवन राम राष्ट्रीय फाउण्डेशन, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा स्थापित कृषि सुधारो और श्रम कल्याण पर बाबू जगजीवन राम पीठ हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने हैं जो 1 वर्ष की अवधि या पीठ के साथ सह–टर्मिनस जो भी पहले हो, यदि फाउण्डेशन द्वारा पीठ के कार्यकाल को बढ़ाया जाता है तो उपरोक्त शर्त के अनुसार कार्यकाल भी बढाया जा सकता है। किसी भी सेवानिवृत व्यक्ति (65 वर्ष आयु सीमा के उपरांत सेवानिवृत हुए हो) को पीठ पर नियुक्त नहीं किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22.09.2021. है।

बाबू जगजीवन राम पीठ हेतु एक आचार्य (प्राध्यापक) वेतनमान रू. 37400–67000+जी.पी. रू. 10000/– के पद विज्ञापित किया जाता है।

**आचार्य (प्राध्यापक) पद हेतु निम्नालिखित पात्रता (क अथवा ख)**

**क.**

1. प्रतिष्ठित विद्वान जिसे संबंधित/संबंध/संगत विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त हो और उच्च गुणवत्ता वाला प्रकाशन कार्य किया हो तथा प्रकाशित कार्य के साक्ष्य के साथ–साथ अनुसंधान में सक्रिय रूप से शामिल हो तथा समकक्ष व्यक्ति समीक्षित अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सूचीबद्ध जर्नलों में न्यूनतम दस वर्षो का प्रकाशन अनुभव एवं परिशिष्ट–2 तालिका दो में दिए गए मानदंडों के अनुसार कुल 120 शोध प्राप्तांक अर्जित किये है।
2. विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में सहायक आचार्य/सह आचार्य/आचार्य स्तर पर न्यूनतम दस वर्षो का शैक्षणिक अनुभव अथवा विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं मं समतुल्य स्तर पर शोध अनुभव के साथ सफल रूप से डॉक्टोरल अभ्यार्थियों का मार्गदर्शन करने का साक्ष्य हो ।

**अथवा**

**ख.**

उपर्युक्त–क/उद्योग में शामिल नहीं किये गये किसी भी संस्थान से संगत/संबद्ध/अनुप्रयुक्त विधाओं में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त तथा दस्तावेजी साक्ष्य द्वारा समर्थित उत्कृष्ट पेशेवर जिन्होंने संबंधित/संबद्ध/संगत विषय में ज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो, बशर्ते कि उसे दस वर्षो के अनुभव हो।

आचार्य (प्राध्यापक) को बाबू जगजीवन राम के विचारों और कार्यो का ज्ञान और काम करने का अनुभव होना चाहिए और जहां तक संभव हो सामाजिक न्याय के कारणों के लिए सिद्ध प्रतिबद्धता होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के पिछड़े वर्ग या अन्य कमजोर वर्गो से संबंधित व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

Registrar
Dr.B.R. Ambedkar University of Social Sciences,
Dr. Ambedkar Nagar (Mhow) Dist-Indore(M.P.)
कुलसचिव